रजिस्ट्री सं० डी—(डी एन)—128/91 REGISTERED NO. D—(DN)—128/91

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं० 39] नई दिल्ली, शनिवार, सितम्बर 28, 1991 (आश्विन 6, 1913)
No. 39] NEW DELHI, SATURDAY, SEPTEMBER 28, 1991 (ASVINA 6, 1913)

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके।
(Separate paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation)

भाग III—खण्ड 4

[PART III—SECTION 4]

सांविधिक निकायों द्वारा जारी की गई विविध अधिसूचनाएं जिसमें कि आदेश, विज्ञापन और सूचनाएं सम्मिलित हैं

[Miscellaneous Notifications including Notifications, Orders, Advertisements and Notices issued by Statutory Bodies]

भारतीय रिज़र्व बैंक

वित्तीय कम्पनी विभाग

केन्द्रीय कार्यालय

कलकत्ता—700001, दिनांक 26 जुलाई 1991

सं० डी० एफ० सी० (सी० ओ० सी०) 59/डी० जी० (आर)—91—भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम, 1934 (1934 का 2) की धारा 45ञ, 45ट और 45ठ द्वारा प्रदत्त शक्तियों और इस उद्देश्य के लिए उसे समर्थ बनाने वाली सभी शक्तियों का प्रयोग करते हुए तथा भारतीय रिज़र्व बैंक इस बात से आश्वस्त होकर कि ऐसा करना लोकहित में आवश्यक है, इसके द्वारा यह निदेश देता है कि गैर-बैंकिंग वित्तीय कम्पनी (रिज़र्व बैंक) निदेशावली, 1977 में निम्नलिखित रीति से संशोधन किये जायें जो तत्काल लागू होंगे, अर्थात्—

1. पैराग्राफ 10क में

"1 अप्रैल, 1989 को और से" शब्दों तथा "चौदह प्रतिशत वार्षिक से अधिक ब्याज दर" शब्दों को क्रमशः "27 जुलाई, 1991 को और से" तथा "पन्द्रह प्रतिशत वार्षिक से अधिक ब्याज दर" शब्दों द्वारा प्रतिस्थापित किया जाए।

2. पैराग्राफ 11 में

उप-पैराग्राफ (ii) के बाद, निम्नलिखित उप-पैराग्राफ (iii) जोड़ दिया जाए :

"(iii) किराया खरीद और उपस्कर पट्टे पर देने वाली कम्पनियों द्वारा लौटायी जाने वाली जमा राशि पर, उस जमा-राशि की तारीख से चौबीस महीनों की अवधि से पहले, कोई ब्याज नहीं दिया जाएगा । तथापि, ऐसी जमा राशि की तारीख से छः महीने की अवधि के बाद ही जमाकर्ता को उस राशि पर देय ब्याज दर से दो प्रतिशत अंक अधिक की दर पर जमाराशि के 75 प्रतिशत तक का ऋण प्रदान किया जा सकता है ।"

3. पैराग्राफ 12 में

इस पैराग्राफ के अन्त में पूर्ण विराम को हटाकर निम्न-लिखित अंश जोड़ा जाए, अर्थात् :

"तथा 1 नवम्बर, 1991 को और से ऐसी चल आस्तियां कम्पनी की बहियों में बकाया जमा राशियो के पन्द्रह प्रतिशत से कम नहीं होंगी ।"

सं० डी० एफ० सी० (सी०ओ०सी०) 60/डी० जी० (आर)–91—भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम, 1934 (1934 का 2) की धारा 45ञ, 45ट और 45ठ द्वारा प्रदत्त शक्तियों और इस उद्देश्य के लिए उसे समर्थ बनाने-वाली सभी शक्तियों का प्रयोग करते हुए तथा भारतीय रिज़र्व बैंक इस बात से आश्वस्त होकर कि ऐसा करना लोकहित में आवश्यक है, इसके द्वारा यह निर्देश देता है कि विविध गैर-बैंकिंग कम्पनी (रिज़र्व बैंक) निदेशावली, 1977 में निम्नलिखित रीति से संशोधन किये जाएं जो तत्काल लागू होंगे, अर्थात्—

पैराग्राफ 9क और 9क(क) में "1 अप्रैल, 1981" शब्दों तथा "14 प्रतिशत वार्षिक" शब्दों को क्रमश: "27 जुलाई, 1991" और "15 प्रतिशत वार्षिक" शब्दों द्वारा प्रतिस्थापित किया जाए ।

सी० रंगराजन,
उप गवर्नर

मुद्रा प्रबन्ध विभाग

मुम्बई–400 023, दिनांक 11 सितम्बर, 1991

31 अगस्त, 1991 की संख्या 1—भारतीय रिज़र्व बैंक (नोट निर्गम) उप विनिमय, 1935 के विनियम 3(1), 4(5) और 4(7) में संशोधन

भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम, 1934 (1934 का अधिनियम 2) की धारा 58 की उप–धारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रत्यायोजन करते हुए भारतीय रिज़र्व बैंक का केन्द्रीय बोर्ड, केन्द्रीय सरकार की पूर्व मंजूरी के साथ एतद्द्वारा भारतीय रिज़र्व बैंक (नोट निर्गम) अधिनियम, 1935 के उप-विनियम 3(i), 4(5) और 4(7) में निम्नानुसार संशोधन करता है अर्थात् वर्तमान उप-विनियम 3(1), 4(5) और 4(7) की जगह पर दिनांक 9 मई, 1991 से निम्नानुसार उप विनियम प्रतिस्थापित होंगे ।

3(i) मुंबई (फोर्ट), कलकत्ता, मद्रास और नई दिल्ली में निर्गम विभाग के चार कार्यालय होंगे और अहमदाबाद, बंगलूर, भुवनेश्वर, भायखला (मुंबई), गुवाहाटी, हैदराबाद, जयपुर, कानपुर, नागपुर, पटना और तिरुवनन्तपुरम में उनकी ग्यारह शाखाएं होंगी ।

4(5) भायखला (मुंबई)—इसके अन्तर्गत गोवा राज्य के साथ महाराष्ट्र राज्य के अहमदनगर, औरंगाबाद, बीड, जालना, कोल्हापुर, लातुर, नांदेड, नासिक, उस्मानाबाद, परभणी, पुणे, रायगढ़, रत्नागिरी, सांगली, सातारा, सिंधुदुर्ग, सोलापुर और ठाणे ज़िले होंगे ।

4(7) गुवाहाटी : इसके अन्तर्गत अरुणाचल प्रदेश, असम, मणिपुर, मेघालय, मिज़ोरम, नागालैंड और त्रिपुरा राज्यों का समावेश होगा ।

पी० आर० नायक,
उप गवर्नर

बंगलौर, दिनांक 11 सितम्बर, 1991

30–6–1991 को समाप्त छमाही के लिये खोये गये आदि भारतीय औद्योगिक वित्त निगम बांड की सूची की प्रकाशन

भाग क कुछ नहीं

भाग ख 6 प्रतिशत भारतीय औद्योगिक वित्त निगम बांड 1985 (II शृंखला)

प्रतिभूति की संख्या	मूल्य रु० में	जिसके नाम जारी	किस तारीख से ब्याजयुक्त	से अनुलिपि जारी करने और/या विमुक्ति मूल्य के भुगतान के लिये दावेदार का/के नाम	जारी किये गये अनुदेशों की संख्या और तारीख	प्रकाशन सूची की तिथि जिसमें प्रति-भूति का प्रथम प्रकाशन हुआ ।
बी० एस० 000092	रु० 50000	दि कर्नाटक इण्डस्ट्रियल को आपरेटिव बैंक लि०	29–10–84	दि कर्नाटक इंडस्ट्रियल को-आपरेटिव बैंक लि०	सी० ओ० 69 ए दिनांक 27–9–88	12–11–88
बी० एस 000093	रु. 50000	—वही—	—वही—	—वही—	—वही—	—वही—

दी इंस्टीटयूट ऑफ चार्टर्ड एकाउन्टैन्टस ऑफ इंडिया

नई दिल्ली–110002, दिनांक 30 अगस्त 1991

(चार्टर्ड एकाउन्टैन्टेस)

सं० I–सी० ए० (5)/42/ 91–चार्टर्ड एकाउन्टैन्ट्स अधिनियम 1949 की धारा 18 की उप धारा (5) के अनुसार 31 मार्च, 1991 को समाप्त हुए वर्ष के लिए परिषद के अंकेक्षित लेखा तथा प्रतिवेदन की एक प्रति सर्वसाधारण की जानकारी हेतु एतदद्वारा प्रकाशित की जा रही है ।

एम० सी० नरसिम्हन
सचिव

---

31 मार्च, 1991 को समाप्त हुए वर्ष के लिए 42वां वार्षिक प्रतिवेदन

इंस्टीटयूट ऑफ चार्टर्ड एकाउन्टैन्ट्स ऑफ इंडिया की परिषद को 01 अप्रैल, 1990 से 31 मार्च, 1991 तक की अवधि के लिए अपना 42 वां वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करने में अपार हर्ष हो रहा है। यह प्रतिवेदन परिषद तथा इसकी विभिन्न समितियां की महत्वपूर्ण गतिविधियों पर प्रकाश डालती है। इस प्रतिवेदन में वर्ष भर में आयोजित गोष्ठियों एवं सम्मेलनों वर्ष के दौरान आयोजित प्रशिक्षण के कार्यक्रमों तथा सदस्यों एवं विद्यार्थियों से संबंधित आवश्यक आंकड़ों को भी सम्मिलित किया गया है । यद्यपि इस प्रतिवेदन में सांख्यिकीय सूचनाएं तथा संस्थान के लेखे उपरोक्त वर्ष से संबंधित है फिर भी संस्थान की सितम्बर, 1991 तक की कार्यवाइयों का संक्षेप में वर्णन किया गया है ।

1. परिषद

1.1 परिषद के सदस्य :

परिषद की संरचना को इस प्रतिवेदन की परिशिष्ट 1 में दिया गया है ।

1.2 अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष :

श्री ए० एच० दलाल, एफ०सी०ए०, बम्बई एवं श्री के० एम० अग्रवाल, एफ०सी०ए०, नई दिल्ली, 16 सितम्बर 1990 तक इंस्टीटयूट के क्रमशः अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष बने रहे । परिषद इन दोनों महानुभावों द्वारा प्रदान सेवाओं की अपार प्रशंसा करती है तथा आभार प्रकट करती है ।

परिषद ने सितम्बर, 1990 में अपनी 146 वीं बैठक में श्री के० एम० अग्रवाल, एफ० सी० ए., नई दिल्ली तथा श्री एन० सी० सुन्दर राजन, एफ० सी० ए०, मद्रास को, 17 सितम्बर, 1990 से एक वर्ष की अवधि के लिए क्रमशः अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष निर्वाचित किया ।

1.3 सचिव

श्री एम०सी० नरसिम्हन, इंस्टीटयूट के सचिव बने रहे ।

1.4 समितियां :

अपनी 146 वीं बैठक में परिषद ने तीन स्थाई समितियां–कार्यकारी समिति, परीक्षा समिति एवं अनुशासनात्मक समिति का गठन किया । इन स्थाई समितियों के अलावा परिषद ने कराधान, कम्पनी कानून, अवांच्छित शिक्षा एवं व्यवसायिक विकास जैसे विषयों के मामले में अनेक अस्थाई समितियों का भी गठन किया । इन स्थाई एवं अस्थाई समितियों की सूची तथा इनका समन्वय इस प्रतिवेदन की परिशिष्ट 2 में दिया गया है ।

1.5 परिषद की बैठकें :

प्रतिवेदन समय के दौरान परिषद की 5 बैठकें आयोजित की गईं । इन बैठकों में से एक बैठक मार्च, 1991 के दौरान, इंस्टीटयूट के प्रधान कार्यालय से बाहर बंगलौर में हुई थी ।

1.6 आडिटर :

रिपोर्ट वर्ष के लिए, श्री एम० आर० वेंकटरमन तथा श्री सी० पी० मेहरा पुनः इंस्टीटयूट के आडिटर नियुक्त किए गए । इन महानुभावों द्वारा प्रदान सेवाओं की परिषद भूरी–भूरी प्रंशसा करता है ।

2. अन्तर्राष्ट्रीय संबंध

2.1 अन्तर्राष्ट्रीय लेखापालों का परिसंघ (आई० एफ० ए०सी०)

सन् 1977 से भारत अन्तर्राष्ट्रीय लेखापालों के परिसंघ का सदस्य रहा है । इस अवधि के दौरान इंस्टीटयूट को आई० एफ० ए० सी० की परिषद तथा इसकी कुछ समितियों में काम करने का अवसर प्राप्त हुआ । श्री के० जी० सोमानी, इंस्टीटयूट के भूतपूर्व अध्यक्ष को आई० एफ० ए० सी० की परिषद में मनोनीत किया गया है । श्री ए० एच० दलाल, भूतपूर्व अध्यक्ष तथा श्री ए० के० चक्रवर्ती परिषद के एक वरिष्ठ सदस्य को क्रमशः आईफैक की अन्तर्राष्ट्रीय आडिटिंग प्रैक्टिसेज समिति (आई० ए० पी० सी०) तथा शिक्षा समिति में मनोनीत किया गया है । ये तीनों प्रतिनिधि, अक्तूबर, 1992 तक अपनी–अपनी समितियों में इंस्टीटयूट का प्रतिनिधित्व करते रहेंगे ।

परिषद, आई० एफ० ए० सी० की टास्क फोर्स वर्किंग पार्टी में, इंस्टीटयूट के प्रतिनिधित्व के रूप में श्री एस०के० दास गुप्ता, एक भूतपूर्व अध्यक्ष के महत्वपूर्ण योगदान की काफी प्रशंसा करती है तथा अपना आभार प्रकट करती है ।

2.2 एशियाई एवं प्रशांत लेखापालों का महासंघ (कापा) :

इंस्टीटयूट, एशियाई एवं प्रशांत लेखापालों के महासंघ का भी सन् 1976 में इसकी स्थापना से सदस्य बना रहा

है। भारत "कापा" की कार्यकारी समिति में अपने सहयोगी संस्थान, दि इंस्टीच्यूट आफ कौस्ट एवं वर्क्स एकाउन्टैन्टस आफ इंडिया के द्वारा प्रतिनिधित्व करता रहा है। सितम्बर, 1989 में भारत का कार्यकारी समिति में पुनः निर्वाचित हो गया। विश्व के अनेक भागों में कापा द्वारा आयोजित अधिवेशनों में इंस्टीट्यूट अपना प्रतिनिधि मंडल भेजता आ रहा है। कापा का पिछला अधिवेशन सितम्बर 1989 में सियाल में आयोजित किया गया था और इस अधिवेशन में इंस्टीट्यूट के प्रतिनिधि मण्डल का नेतृत्व श्री ए० एच० दलाल, तत्कालीन अध्यक्ष ने किया था।

2.3 दक्षिण एशियाई लेखापालों का परिसंघ :

इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड एकाउन्टैन्टस आफ इंडिया, साफा, जिसकी स्थापना सन् 1984 में की गई थी। के संस्थापक सदस्यों में से एक है। साफा असेम्बली की 14 वीं बैठक 16 और 17 जनवरी, 1991 को ढाका (बंगलादेश) में हुई थी। वर्ष 1991 के लिए बंग्लादेश के श्री हबीबूर रहमान आई० सी०एम० ए० को साफा का अध्यक्ष चुना गया और आई० सी० ए० आई० के अध्यक्ष श्री के०एम० अग्रवाल को उपाध्यक्ष निर्वाचित किया गया। वर्ष 1991 के लिए भी आई० सी० ए० आई० के सचिव को साफा का सचिव बने रहने का निवेदन किया गया।

साफा असेम्बली की 15 वीं बैठक, 09 अगस्त, 1991 को कोलम्बो (श्रीलंका) में आयोजित की गई थी।

3. व्यावसायिक विकास

3.1 सामान्य :

परिषद की अस्थाई समितियों के व्यवसायिक विकास की गतिविधियों का संक्षिप्त सावृत नीचे दिया गया है :

3.2 लेखांकन मानक मंडल

3.2.1 वर्ष के दौरान लेखांकन मानक मंडल ने निम्न-विषयों पर प्रस्तावित विषयों पर लेखांकन मानकों अनावरित प्रारूप तैयार किए :—

(अ) लेखांकन मानक (ए० एस०) 12, जनवरी सरकारी अनुदान के लिए मानक

(ब) आय पर करों के लिए लेखांकन पर मार्गदर्शक नोट

3.2.2 निम्नलिखित विषयों पर, लेखांकन मानकों का मसौदा, प्रारूप मण्डल के विभिन्न स्तरों पर है :—

(अ) निवेशों के लिए लेखांकन

(ब) अमालगमेसन के लिए लेखांकन

(स) कर्मचारियों के अवकाश प्राप्त लाभों के लिए लेखांकन

इसी प्रकार "रिपोर्टिंग फाइनैन्सियल इन्फारमेशन वाई सेगमेंट" के ऊपर एक मार्ग दर्शक नोट, मण्डल के विचारा-धीन है।

3.2.3. अपने कार्य प्रणाली के एक भाग के रूप में, मण्डल (बोर्ड) ने लेखांकन मानक (ए० एस०) 4, कन्टीनजैन्सीज एण्ड इवैन्ट्स अकरिंग आफ्टर बैलेन्स शीट डेट, लेखांकन मानक (ए० एस०) 5, प्रायर पीरयड एण्ड एक्सट्रा आर्डिनरी आइटम्स एण्ड चैन्जेज इन काउंटिंग पालीसीज और लेखांकन मानक (ए०एस०) 6 मूल्यहास लेखांकन का पुनरअवलोकन का कार्य शुरू किया है।

3.2.4. वर्ष के दौरान, परिषद् ने निम्नलिखित लेखांकन मानकों को अनिवार्य करने का फैसला किया है :—

(अ) ए एस 1, लेखांकन नीतियों का प्रकटीकरण

(ब) ए एस 7, निर्माण सम्बन्धी सौदों के लिए लेखांकन

(स) ए एस 8, अनुसंधान एवं विकास के लिय लेखांकन

(द) ए एस 9, राजस्व मान्यता

(य) ए एस 10, सावधी सम्पति के लिय लेखांकन

(र) ए एस 11, विदेशी मुद्रा विनियम दर में परिवर्तनों का प्रभाव के लिय लेखांकन।

उपरोक्त मानकों को 1-4-1991 या उसके बाद की अवधि से शुरू होने वाले लेखों के सदर्भ में उन कम्पनियों के लिय जो कि कम्पनी अधिनियम, 1956 से शासित है तथा दूसरे उपक्रमों जिनमें कि निम्नलिखित शामिल नहीं हैं, के लिये अनिवार्य कर दिया गया है :—

(ए) सोल प्रोपराइटरी कनसर्न

(बी) पार्टनरशिप फर्म

(सी) सोसाइटीज रजिस्ट्रेशन एक्ट के अधीन पंजीकृत समितियां

(डी) न्यास

(ई) हिन्दु अविभाजित परिवार

(एफ) व्यक्तियों के संघ

उपरोक्त (ए) से (एफ) तक के उपक्रमों के सदर्भ में, उपरोक्त मानक, 1-4-1993 से या उसके बाद से शुरू होने वाले लेखों के बारे में अनिवार्य होंगे।

3.3. आडिटिंग प्रैक्टिसेज समिति :

3.3.1. वर्ष के दौरान, समिति ने "विशेषज्ञ का कार्य प्रयोग करते हुए" नामक स्टैण्डर्ड आडिटिंग प्रैक्टिसेज (एस० ए० पी०) का मसविदा तैयार किया तथा इसे एस० ए० पी० 9 के रूप में प्रकाशित किया।

3.3.2. समिति द्वारा निम्नलिखित विषयों पर मार्गदर्शक नोट्स भी तैयार किये :—

(अ) इनवैन्ट्रीज का आडिट

(ब) वेतनदारों, ऋणों एवं अग्रिमों का आडिट

(स) आडिट नियुक्ति पत्र।

3.3.3. निम्नलिखित विषयों पर मानक लेखा परीक्षण पद्धतियों का प्रतिपादन विभिन्न स्तरों पर है :—

(ए) दूसरे लेखा परीक्षक के कार्य का प्रयोग

(बी) सह-लेखा परीक्षकों का उत्तरदायित्व

(सी) प्रबन्ध द्वारा प्रतिनिधित्व

(डी) भौतिकता एवं लेखा परीक्षण जोखिम

(ई) विश्लेषणात्मक पुनरअवलोकन

3.3.4. समिति निम्नलिखित विषयों पर मार्ग दर्शक पत्रों के विकास के कार्य में तल्लीन है :—

(ए) निवेषों का लेखा परीक्षण

(बी) नकद एवं बैंक बकाया का लेखा परीक्षण

(सी) देयताओं का लेखा परीक्षण।

(डी) पूंजी एवं आरक्षित पूंजी का लेखा परीक्षण

इसके अतिरिक्त "ई० डी० पी० वातावरण में लेखा परीक्षण" के ऊपर अध्ययन का काम भी समिति कर रही है।

3.3.5. समिति निम्नलिखित वर्तमान प्रकाशनों पर पुनः विचार कर रही है :—

(अ) कम्पनियों के (जमा स्वीकार्य) नियम, 1975 के अनुसार लेखा परीक्षक का प्रमाणपत्र पर मार्गदर्शक नोट

(ब) बैंकों के लेखा परीक्षण पर अध्ययन

3.3.6. समिति ने बम्बई, कलकत्ता, जयपुर और मद्रास में, इंस्टीट्यूट के "स्टेटमेंट ओन आडिटिंग प्रैक्टिसज" नामक प्रकाशन के आधार पर स्टैण्डर्ड आडिटिंग प्रैक्टिसज और मार्गदर्शक पत्री के प्रतिलेख पर प्राथमिक मसविदा तैयार करने के लिये अध्ययन समूहों का गठन किया है।

3.4. अनुसंधान समिति

3.4.1. इस अवधि के दौरान समिति ने निम्नलिखित स्टडीज को प्रकाशित किया

(i) विदेशी सहयोग पर स्टडीज

(ii) अधिलाभ का भुगतान अधिनियम 1965—एक लेखापाल का अध्ययन (संशोधित संस्करण)

3.4.2. निम्नलिखित प्रकाशनों को अंतिम रूप दिया जा चुका है तथा इनके शीघ्र ही प्रकाशित किये जाने की आशा है :—

(i) आन्तरिक लेखा परीक्षण पर मार्गदर्शिकाए—सीमेंट उद्योग

(ii) शैक्षणिक संस्थाओं के लेखा परीक्षण के लिए तकनीकी गाइड

(iii) विदेशी मुद्रा विनिमय नियमन अधिनियम पर लेखापाल की गाइड

3.4.3. सन् 1988 में मार्गदर्शक पत्रों के खण्ड–2 के संग्रह का प्रथम संस्करण के प्रकाशित होने के उपरान्त होने वाले परिवर्तनों को शामिल करते हुए इसका दूसरा संशोधित संस्करण प्रकाशित किया जा चुका है।

3.4.4. सन् 1988 में प्रथम संस्करण के प्रकाशित होने के उपरान्त होने वाले अनेक परिवर्तनों को शामिल करते हुए प्रलेखों एवं मानकों का संग्रह जिसमें कि अन्तर्राष्ट्रीय आडिटिंग मार्गदर्शिकाएं भी शामिल हैं, का दूसरा संशोधित संस्करण शीघ्र ही बिक्री हेतु जारी किया जायेगा।

3.4.5. उपरोक्त अतिरिक्त, अनेक योजनाएं, पूर्ण रूप से तैयार होने के भिन्न-भिन्न स्तरों पर है :—

(i) योजना अनुमान—भारतीय वित्तीय संस्थाओं आहर्ताएं (वर्तमान प्रकाशन "योजना मूल्यांकन भारतीय वित्तीय संस्थाओं की अहर्ताओं के संदर्भ में" का संशोधन।

(ii) कोर्पोरेट रिपोर्टिंग पर रिसर्च प्रोजैक्ट

(iii) कोर्पोरेट फाइनैन्सियल एनालिसिस

(iv) स्टडी ओन अमालगमेशन एण्ड मर्जर

(v) फिल्म उद्योग के लिये लेखांकन एवं अनेकों तकनीकी पुस्तिकाएं, और

(vi) अनेकों उद्योगों जैसे, आटोमोबाइल, ड्रग्स एवं फार्मेस्यूटिकल, टैक्सटाइल, चीनी, होटल, टायर इत्यादि से संबंधित आन्तरिक लेखा परीक्षण मार्ग–दर्शिकाएं।

3.4.6. लेखांकन, वित्त, कराधान एवं संबंधित क्षेत्रों में "पी० जी० भगवत रिसर्च फैलोशिप" शेयरहोल्डर इन्टरेस्ट एण्ड कार्पोरेट इन्टरप्राइजेज—ए स्टडी ऑफ लीगल प्रोविजन एण्ड परसैप्शन एण्ड इमेंजिंग ट्रेण्ड" नामक विषय पर अनुसंधान करने हेतु मैसूर के श्री अशुमान, ए० एस० को प्रदान की गई है।

3.4.7. पिछले वर्षों की भांति वर्ष 1989–90 के लिए इंस्टीट्यूट ने (i) सार्वजनिक/संयुक्त क्षेत्र की कम्पनियों एवं गैर-वित्तीय वैधानिक निगमों, (ii) गैर-वित्तीय निजी क्षेत्र की कम्पनियों, और (iii) बैंक एवं वित्तीय संस्थाओं को सर्वोत्तम ढंग से लेखा प्रस्तुत करने का पुरस्कार दिया। अनेक श्रेणियों में पुरस्कार प्राप्त करने वालों के नाम निम्न प्रकार से हैं—

(i) चांदी की वैजयन्ती इंडियन टलीफोल इण्डस्ट्रीज लिमिटेड को प्रदान की गई तथा एच० एम० टी० लिमिटेड को अति प्रशंसनीय लेखा के लिये प्रशस्ति पट्टिका प्रदान की गई

(ii) चांदी की वैजयन्ती बृटानिया इण्डस्ट्रीज लिमिटेड को तथा अति प्रशंसनीय लेखा के लिये प्रशस्ति पट्टिका दि इंडिया सीमेंट्स लिमिटेड को प्रदान की गई।

(iii) बैंकों एवं वित्तीय संस्थाओं में चांदी की वैजयन्ती भारतीय औद्योगिक वित्त निगम" को प्रदान की गई।

3.5. व्यावसायिक विकास समिति

3.5.1. पिछले वर्षों की भांति, समिति ने लेखा परीक्षकों का एक पैनल तैयार किया तथा इसे अनेक बैंकों द्वारा लेखा परीक्षकों की नियुक्ति में सुविधा हेतु भारतीय रिजर्व बैंक को भेजा ।

3.5.2. समिति ने बैंक आडिट से संबंधित निम्नलिखित पहलूओं पर संबंधित अधिकारियों से विचार-विमर्श किया :—

(1) लेखा परीक्षण के अन्तर्गत शाखाओं की संख्या को बढ़ाना

(2) बैंक के लेखा परीक्षकों की समय से नियुक्ति

(3) शुल्क में बढ़ोत्तरी

(4) लेखा परीक्षण का और अधिक समान रूप से वितरण तथा देश की बैंकिंग व्यवस्था के कार्यकलापों में सुधार लाने हेतु इंस्टीट्यूट की भूमिका, और

(5) लॉंग फार्म आडिट रिपोर्ट का संशोधन के मामलों पर भी विचार विमर्श किया गया ।

3.5.3. खजुराहों में आन्तरिक लेखा परीक्षण विषय पर एक आवासीय गोष्ठी का आयोजन किया गया । अनेक सार्वजनिक एवं निजी क्षेत्र के उपक्रमों के आन्तरिक लेखा परीक्षण विभाग के वरिष्ठ कार्यकारी सदस्यों ने इस गोष्ठी में भाग लिया ।

3.6 उद्योगरत सदस्यों हेतु समिति

उद्योगों में लगे हुए सदस्यों के स्तर में सुधार तथा रोजगार के लिये नये क्षेत्रों की खोज एवं विकास के कार्य में समिति वर्ष के दौरान भी प्रयत्नशील रही, इंस्टीयूट की गतिविधियों में उद्योगों में लगे सदस्यों को और अधिक रूप में जोड़ने तथा उनमें अपनेपन की भावना को जागृत करने हेतु यह निश्चय किया गया है कि परिषद् की प्रत्येक अस्थायी समिति में कम से कम सदस्य को मनोनीत किया जाय।

परिषद् ने यह भी निश्चय किया है कि विदेशों में रह रहे सदस्यों को भी इंस्टीट्यूट की गतिविधियों से जोड़ा जाय । इस उद्देश्य को मद्देनजर रखते हुए, इस प्रतिवेदन वर्ष की अवधि से, इंस्टीट्यूट के मस्कट चैप्टर से एक सदस्य को समिति में मनोनीत किया गया है । समिति की बैठक में भाग लेने हेतु यात्रा का खर्चा सदस्य द्वारा वहन किया जायेगा और इंस्टीट्यूट द्वारा उसे केवल दैनिक भत्ता और स्थानीय परिवहन भत्ता ही दिया जायेगा । ऐसा भारतीय रिजर्व बैंक की अनुमति से किया गया है ।

3.7 कम्पनी कानून समिति

3.7.1. कम्पनी अधिनियम, 1956 की वर्तमान व्यवस्थाओं को सरलीकरण और नियन्त्रित करने के उद्देश्य से कम्पनी कार्य विभाग ने महत्वपूर्ण संशोधन तैयार किए हैं। इस विषय में इस विभाग ने इंस्टीट्यूट से सुझाव आमन्त्रित किये हैं । इस उद्देश्य हेतु समिति ने कम्पनी अधिनियम की अनेक व्यवस्थाओं, विशेषतया उनको जिनका लेखा एवं लेखा परीक्षण पर प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से प्रभाव पड़ता है पर विचार करने हेतु, इस क्षेत्र से संबंधित विशेषज्ञों एवं सदस्यों के पांच अध्ययन दलों का गठन किया है ।

3.7.2. समिति ने "चार्टर्ड एकाउन्टैन्ट की भूमिका विज ए विज सी० आई० एफ० आर०" पर एक स्टडी का प्रारूप तैयार तथा पारित कर दिया है । इसे शीघ्र ही प्रकाशित कर दिया जायेगा ।

3.7.3. समिति ने कम्पनी (संशोधन अधिनियम, 1988 में संशोधनों को मद्देनजर रखते हुए "गाइड टू कम्पनी आडिट" को संशोधित करने का निश्चय किया है और इस उद्देश्य हेतु एक गठन किया है ।

3.7.4. समिति ने "सेबी" द्वारा प्रस्तावित प्रोसपेक्टस का नया फोरमेट तथा इसका सन्तुलित फार्म पर अपने सुझाव भेज दिये हैं ।

3.7.5. समिति ने कराधान समिति के साथ संयुक्त रूप से निम्नलिखित का आयोजन किया :—

(अ) कलकत्ता में "कराधान एवं कम्पनी कानून" पर 22वीं सम्पूर्ण भारत गोष्ठी,

(ब) मंगलौर में "कराधान एवं कम्पनी कानून" पर आवासीय पाठ्यक्रम, और

(स) नई दिल्ली में "कराधान एवं कम्पनी कानून" पर 23 वीं सम्पूर्ण भारत गोष्ठी ।

3.8. कराधान समिति

3.8.1. नियमों एवं प्रणालियों का सरलीकरण

10 मई 1991 को इंस्टीट्यूट ने, आय कर लैवी से संबंधित नियमों एवं प्रणाली के सरलीकरण के परीक्षण के लिये सी० बी० डी० टी० द्वारा श्री ए० एन० मिश्रा की अधीन गठित कार्यकारी दल को एक विस्तृत ज्ञापन प्रस्तुत किया ।

3.8.2. कर लेखा परीक्षण पर पुनः विचार

इंस्टीट्यूट के प्रतिनिधियों ने, अनुभाग 44ए की टैक्स आडिट की व्यवस्थाओं का क्रियान्वयन तथा इससे संबंधित व्यवस्थाओं के अन्तर्गत रिपोर्टिंग के फार्मों के संशोधन पर पुनः विचार करने के लिये सी० बी० डी० टी० द्वारा श्री ए० एन० मिश्रा के अधीन गठित एक दूसरी समिति की भी सहायता की ।

3.8.3. प्रत्यक्ष कर रिटर्न फार्मों का संशोधन

आयकर, सम्पत्ति कर एवं उपहार कर रिटर्न फार्मों के संशोधन हेतु सी० बी० डी० टी० द्वारा गठित एक समिति के कार्यों में इंस्टीट्यूट ने महत्वपूर्ण भूमिका अदा की ।

3.8.4. केन्द्रीय बजट

इंस्टीट्यूट का बजट पूर्व ज्ञापन वित्त मंत्री, सी० बी० डी० टी० एवं सी० बी० ई० सी० के सभापति एवं अन्य प्राधिकरणों को प्रस्तुत किया गया । बजट पूर्व परामर्श के लिये वित्त मंत्री द्वारा बुलाई गई बैठक में अध्यक्ष ने भाग लिया ।

12 अगस्त, 1991 को वित्त विधेयक की व्यवस्थाओं से संबंधित विषयों पर इंस्टीट्यूट के विचार एवं सुझावों को शामिल करते हुए सरकार को एक बजट उपरान्त ज्ञापन भी प्रस्तुत किया गया ।

3.8.5. कराधान एवं कम्पनी कानून पर आवसीय पाठ्यक्रम

कराधान एवं कम्पनी कानून पर तेरहवां आवासीय पाठ्यक्रम मंगलौर में आयोजित किया गया । 28 प्रतिनिधियों ने इस पाठ्यक्रम

में आवासीय आधार पर भाग लिया जबकि पंगलौर में रहने वाले 14 सदस्यों ने गैर-आवासीय प्रतिनिधियों के रूप में इस पाठ्यक्रम में भाग लिया ।

3.8.6. सी० बी० डी० टी० को प्रतिवेदन

समय-समय पर इंस्टीट्यूट द्वारा प्रत्यक्ष कर नियमों एवं उनके प्रशासन से संबंधित अनेक विषमताओं एवं कठिनाइयों का वर्णन करते हुए सी० बी० डी० टी० के सभापति को अनेक ज्ञापन प्रस्तुत किय गये । इसमें विशेषतया निम्नलिखित मामलों क्षेत्रों को शामिल किया गया :—

(1) कोर्पोरेट एवं गैर कोर्पोरेट कर-दाताओं द्वारा आय की रिटर्न फाइल करने की समय सीमा ।

(2) कम्पनियों द्वारा देय बढ़े हुए सरचार्ज को जमा करने की समय सीमा ।

(3) मोडवेट क्रेडिट का कराधान

(4) अनुभाग 143(1) (ए) के अन्तर्गत कर निर्धारण की नई पद्धति ।

3.8.7. अनुभाग 80 एच० एच० बी० एवं 80 एच०एच०सी० के अन्तर्गत लेखा परीक्षण पर मार्गदर्शक पत्र "क" दूसरा संशोधित संस्करण जारी किया गया । चेरिटेबिल न्यासों एवं संस्थाओं के कराधान पर स्टडी संशोधन-स्तर पर है ।

3.9. अविच्छिन्न व्यावसायिक शिक्षा समिति

3.9.1. एकाउंटिंग एवं आडिटिंग मानकों पर गोष्ठियां

सदस्यों की बढ़ती हुई संख्या को देखते हुए इस वर्ष से समिति ने अविच्छिन्न व्यवसायिक शिक्षा के कार्य-क्रमों में मूल परिवर्तन करने का निश्चय किया है जिससे कि अधिक से अधिक सदस्यों को इससे कार्यक्रम के अन्तर्गत लाया जा सके ।

उपर्युक्त विषय पर पूरे भारत में समिति ने बड़ी संख्या में गोष्ठियों का आयोजन किया । इन गोष्ठियों का मुख्य उद्देश्य व्यवसायिक लेखांकन में, विशेषतया अधिक से अधिक लेखांकन मानकों को अनिवार्य करने का परिषद् के निर्णय को ध्यान में रखते हुए एकाउंटिंग एवं आडिटिंग मानकों के बढ़ते हुए महत्व पर विचार करने हेतु एक मंच की व्यवस्था करना था । एक ही पाठ्यक्रम के अधीन करीब 10,000 से अधिक सदस्यों एवं अन्य की उपस्थिति में 70 गोष्ठियों को आयोजित किया गया ।

3.9.2 कम्प्यूटर पाठ्यक्रम

इंस्टीट्यूट के सदस्यों एवं विद्यार्थियों को उचित रूप से रचित पाठ्यक्रमों में प्रशिक्षण देने हेतु बम्बई, मद्रास, कलकत्ता, कानपुर एवं नई दिल्ली क्षेत्रीय कार्यालयों में पांच कम्प्यूटर केन्द्र स्थापित किये गये । कम्प्यूटर के प्रयोग विशेषतया लेखापालों के हित के क्षेत्रों में, भाग लेने वालों को प्रशिक्षण देने हेतु एक तीन स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम चालू किया गया है । इन केन्द्रों द्वारा आयोजित कार्यक्रमों के प्रति प्रतिक्रिया उत्साहवर्धक रही है । सदस्यों एवं विद्यार्थियों के लिये पाठ्यक्रम के अलावा इन केन्द्रों ने सीमित संख्या में सरकारी विभागों, बैंकों, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों इत्यादि के अधिकारि के लिये भी पाठ्यक्रमों का आयोजन किया । वर्ष के दौरान 2027 व्यक्तियों को प्रशिक्षित किया गया ।

3.9.3. स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम

मैनेजमेंट एकाउन्टेन्सी कोर्स (भाग-I) की परीक्षाएं मई, 1990, नवम्बर 1990 और दिसम्बर 1990 में आयोजित की गई तथा कार्पोरेट मैनेजमेंट और टैक्स मैनेजमेंट कोर्सों के लिय मई 1990 में परीक्षाएं आयोजित की गई । इन परीक्षाओं का परिणाम इस रिपोर्ट की परिशिष्ट 3 में दिया गया है ।

3.9.4 योग्यता छात्रवृत्ति

वर्ष के दौरान, इंस्टीट्यूट ने मैनेजमेंट एकाउन्टैन्सी कोर्स की प्रोत्साहन योजना के अन्तर्गत 10 विद्यार्थियों को 500 रुपये प्रत्येक के हिसाब से छात्रवृत्तियां प्रदान की गई । यह योजना कार्पोरेट मैनेजमेंट एवं टैक्स में मैनेजमेंट पाठ्यक्रमों के लिये भी लागू कर दी गई हैं

3.9.5. प्रबन्ध एवं आर्थिक संग्रह

इंस्टीट्यूट प्रबन्ध तथा अर्थशास्त्र में समकालिक पहलुओं पर महत्वपूर्ण लेखों के सारभूत अंशों को एकत्रित करके, नियमित रूप से हर तीसरे महीने में प्रबन्ध एवं आर्थिक संग्रह प्रकाशित करता आ रहा है ।

3.10 वक्ष सलाहकार समिति

वर्ष के दौरान समिति ने सैकड़ों शंकाओं पर विचार किया तथा इनका निदान किया । रायों का संग्रह खण्ड-10, जिसमें कि सितम्बर 1989 से सितम्बर 1990 तक समिति द्वारा जारी रायों को सम्मिलित किया गया है । को जांचा जा रहा है तथा इसे शीघ्र ही प्रकाशित किया जायेगा । इससे पहले के रायों के संग्रहों खण्डों का संशोधन का काम भी किया जा रहा है ।

3.11. आचार संहिता समिति एवं अनैतिक रूप से हटाये गये लेख परीक्षकों के लिये समिति

3.11.1. समिति ने व्यवसायिक आचार संहिता के ऊपर सदस्यों से प्राप्त अनेक शंकाओं पर विचार किया तथा संबंधित स्पष्टीकरण जारी किये । "व्यावसायिक आचार संहिता" नाम प्रकाशन को संशोधित तथा संपूर्ण करने हेतु एक उप-समिति का गठन किय. गया था, जिसका कार्य पूर्ण हो चुका है ।

3.11.2 समिति ने अनैतिक रूप से हटाने गये लेखा परीक्षकों के मामले से संबंधित अनेक शिकायतों का परीक्षण किया ।

3.12 विश्वविद्यालय सम्पर्क समिति

3.12 1 विश्वविद्यालयों के साथ संयुक्त गोष्ठी

देश के अनेक विश्व-विद्यालयों से इंस्टीट्यूट में सम्पर्कों को मजबूत करने के अपने प्रयत्नों में समिति द्वारा निम्नलिखित विश्वविद्यालयों के साथ संयुक्त गोष्ठियों का आयोजन किया गया :—

(i) सेलम में 'शिक्षा एवं वाणिज्य' पर मद्रास विश्वविद्यालयों के साथ ।

(i) कलकत्ता में 'लेखांकन शिक्षा और स्तर आगे की मुश्किलें' कलकत्ता विश्वविद्यालयों के साथ।

3.12.2 सी०ए० पाठ्यक्रम को मान्यता

पी०एच०डी० पाठ्यक्रम के लिए चार्टर्ड एकाउन्टैन्सी शैक्षणिक योग्यता को मान्यता देने हेतु, इंस्टीट्यूट ने विश्वविद्यालयों से अपना सम्पर्क बनाया रखा। इस समय, भारतीय विश्वविद्यालयों के संघ और भारतीय प्रबंध संस्थान (अहमदाबाद और कलकत्ता) के अलावा 38 विश्वविद्यालयों ने सी०ए० की डिग्री को पी० एच० डी० कोर्स करने के लिए मान्यता प्रदान कर दी है। इस उद्देश्य के लिए उन विश्वविद्यालयों की एक सूची जिन्होंने सी० ए० पाठ्यक्रम को मान्यता दी है इस रिपोर्ट की परिशिष्ट 4 में दी गई है।

3.12.3 स्थायी निधि

बी०काम० परीक्षा में, एकाउन्टैन्सी विषय में सर्वोत्तम अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थी को स्वर्ण पदक/पुरस्कार देने हेतु इंस्टीटयूट ने 26 विश्वविद्यालयों में स्थायी निधि की स्थापना की है।

अनेक विश्वविद्यालयों में स्थायी निधि निर्माण करने के अलावा, परिषद ने निर्णय लिया है कि स्नातक स्तर वाणिज्य में प्रथम तीन स्थान प्राप्त करने वाले, तथा विज्ञान एवं कला में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले, तथा एल० एल० बी० एवं तीन स्नातकोत्तर परीक्षाओं में प्रथम स्थान पाने वाले उन समस्त विद्यार्थियों का जो सी० ए० का कोर्स करने के इच्छुक है, और प्रवेश हेतु सभी शर्तों को पूर्ण करते हो, उनके प्रवेश लेने पर शिक्षा/ पंजीकरण शुल्क के भुगतान से छूट दी जायेगी।

3.12.4 सी०ए० पाठ्यक्रम का प्रसिद्धिकरण—

समिति क्षेत्रीय परिषदों एवं उनकी शाखाओं के माध्यम से सी० ए० पाठ्यक्रम का प्रसिद्धिकरण के लिए विभिन्न स्थानों पर भाषणों का प्रबंध करती रही है और इसके लिए "हम आपको चाहते हैं यदि आप अपने भविष्य के प्रति जागरूक है" नामक पत्रिका का प्रयोग करती रही है।

3.12.5 वीडियों कैसेटों का निर्माण

सीमित इंस्टीटयूट के बारे में यू० जी० सी० कार्यक्रम के अन्तर्गत वीडियो कैसेट बनाने के लिए प्रयत्न कर रही है।

4. अन्य मामले

4.1 इंस्टीट्यूट की वार्षिक बैठक

संस्थान की 41
अशोक होटल, नई दिल्ली में सम्पन्न हुई। इस समारोह में तत्कालीन केन्द्रीय वाणिज्य एवं पर्यटन मंत्री श्री अरूण नेहरू मुख्य अतिथि थे। माननीय मंत्री ने सर्वोत्तम ढंग से लेखा प्रस्तुत करने का पुरस्कार जीतने वाली कम्पनियों तथा वित्तीय संस्थाओं को शील्ड तथा प्रशस्ति पट्टिकाएं प्रदान की। मुख्य अतिथि ने संस्थान द्वारा आयोजित परीक्षाओं में योग्यता प्राप्त विद्यार्थियों को पदक एवं पुरस्कार तथा अन्य कई पुरस्कार भी बांटे। समारोह में एक बड़ी संख्या में आमंत्रितगण उपस्थित थे तथा इसे दूरदर्शन इत्यादि ने कवर किया था। तत्कालीन उपाध्यक्ष श्री के० एम० अग्रवाल ने धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तुत किया।

4.2 नौएडा में इंस्टीट्यूट का नया भवन

नौएडा में इंस्टीट्यूट के नए परिसर का निर्माण कार्य सम्पूर्ण हो चुका है। भवन का उद्घाटन 05 अगस्त, 1991 को माननीय केन्द्रीय वित्त राज्य मंत्री श्री रामेश्वर ठाकुर (इंस्टीटयूट के एक भूतपूर्व अध्यक्ष) ने किया था। परीक्षा विभाग एवं अध्ययन मण्डल विभागों को नए भवन में स्थानान्तरित कर दिया गया है।

4.3 आन्तरिक कम्प्यूटर केन्द्र

इंस्टीट्यूट के कार्यकलापों का कम्प्यूटरीकरण करने के लिए किया गया विस्तृत अध्ययन के आधार पर, अक्तूबर 1990 में सर्व प्रथम मद्रास कार्यालय के गतिविधियों का कम्प्यूटरीकरण किया गया। इसके बाद, अब तक बम्बई एवं कानपुर कार्यालयों का कम्प्यूटीकरण कर दिया है। दिल्ली में प्रधान कार्यालय तथा नई दिल्ली में विकेन्द्रीकृत कार्यालय में कम्प्यूटर व्यवस्था अब स्थापित कर दी है तथा इसे शुरू करने की प्रक्रिया में प्रगति हो रही है। यह आशा की जा रही है कि नवम्बर 1991 तक पांचों विकेन्द्रीकृत कार्यालयों को कम्प्यूटराइज्ड कर दिया जायेगा। कम्प्यूटराइजेशन हो जाने से इंस्टीट्यूट एवं विकेन्द्रीयकृत कार्यालय द्वारा सदस्यों एवं विद्यार्थियों को दी जाने वाली सेवाओं की रफ्तार एवं विशेषता में सुधार आयेगा।

4.4 परिषद एवं क्षेत्रीय परिषदों हेतु चुनाव

14 वीं परिषद की अवधि, जिसका गठन 17 सितम्बर, 1988 को किया गया था 16 सितम्बर, 1991 को समाप्त होना था, 15 वीं परिषद एवं 14 वीं क्षेत्रीय परिषदों के गठन के लिए 2 और 3 अगस्त, 1991 को चुनाव होने तय हुए थे। परन्तु कुछ न्यायालयों के निर्णयों को मध्य नजर रखते हुए चुनाधों को स्थगित करना पड़ा है। अब चुनाव जल्दी से कराए जाने के लिए प्रयत्न किए जा रहे हैं, ऐसी आशा की जा रही है कि 1991 के समाप्ति से पहले नई परिषद एवं क्षेत्रीय परिषदों का गठन कर दिया जायेगा।

4.5 चार्टर्ड एकाउन्टैन्टस विनियम, 1988 में संशोधन

4.5.1 जैसा कि पिछले रिपोर्ट में वर्णन किया गया था, परिषद ने चार्टर्ड एकाउन्टैन्टस विनियम, 1988 में अनेक संशोधनों को प्रस्तवित किया था, उनमें से निम्नलिखित को केन्द्रीय सरकार ने अपनी अनुमति दे दी

है तथा इन्हें इनके आगे दी गई तिथि से लागू कर दिया गया है :—

(i) क्षेत्रीय परिषदों की शाखाएं :

19 जनवरी, 1991 से क्षेत्रीय परिषद की शाखा की स्थापना हेतु कम से कम सदस्यों की संख्या को 50 किलोमीटर की परिधि के अन्दर 50 से बढ़ा कर 100 कर दी गई है।

(ii) सदस्यता एवं अन्य शुल्क

01-4-1991 से वार्षिक सदस्यता एवं सर्टिफिकेट एवं प्रैक्टिस शुल्क को संशोधित कर दिया गया है।

(iii) चुनाव विनियम

इनमें संशोधनों को 12 फरवरी, 1991 को लागू कर दिया गया है।

(iv) कार्यालय एवं फर्मों का विवरण

इन्हें 02 फरवरी, 1991 से लागू कर दिया गया है।

4.5.2 निम्नलिखित संशोधन, सरकार के विचाराधीन विभिन्न स्तरों पर हैं :—

(i) अनुशासनात्मक तरीका

जैसा कि पिछली रिपोर्ट में वर्णन किया गया था कि परिषद ने अनुशासनात्मक समिति द्वारा अपनाए गए तरीके को और सरल बनाने हेतु सरकार को कुछ प्रस्ताव प्रस्तुत किए हैं। ये प्रस्ताव अब तक सरकार के विचाराधीन ही हैं।

(ii) परीक्षा विनियम

सरकार ने फाउण्डेशन पाठ्यक्रम को शुरु करने तथा इंटरमीडिएट एवं फाइनल परीक्षा के पाठ्यक्रम में संशोधन की योजना को प्रारंभिक रूप में अपनी अनुमति दे दी है। इन्हें भारत के राजपत्र में जनता से सुझाव अथवा आपत्ति हेतु फिर से दोबारा प्रकाशित किया जा रहा है इसके बाद इन्हें केन्द्र सरकार की अन्तिम अनुमति हेतु अग्रसारित किया जायेगा।

4.5.3 परिवारिक व्यापार निकायों में सदस्यों की तल्लीनता

विनियम 190ए के अधीन परिषद् के प्रस्तावों में (पहले के चार्टर्ड एकाउन्टैन्ट्स विनियम, 1964 का विनियम 166) जो कि चार्टर्ड एकाउन्टैन्ट्स विनियम, 1988 की अपेन्डिक्स 10 में दिए गए हैं, इसमें ऐसे व्यापारों/व्यवसायों की श्रेणी में जिसमें कि सदस्य परिषद की पूर्व अनुमति से आपको लगा (सल्लीन) सकते हैं, अब यह निश्चय किया गया है कि इसमें आइटम 4 को विस्तृत किया जाए और इसमें उन सब मामलों को शामिल किया जाए जिनमें सदस्य के ऊपर परिवारिक व्यापार का कार्यभार इनहैरीटैन्स/सक्सेशन/पारिवारिक व्यापार में विभाजन और ऐसे व्यापार जिनमें सदस्य प्रत्यक्ष रूप से सम्मिलित नहीं था के परिणाम स्वरूप पड़ता है। ऐसे सदस्य जो परिषद की अनुमति चाहते हैं उन्हें कार्यकारी समिति के संतुष्टि हेतु इस तरह के उचित प्रमाण प्रस्तुत करने होंगे कि यह पारिवारिक व्यापार का भार उनके ऊपर इनहैरीटैन्स/सक्सेशन/पारिवारिक में विभाजन के परिणामस्वरुप आया है।

4.6 जनरल

4.6.1 सम्पादकीय मण्डल "दि चार्टर्ड एकाउन्टैन्ट" जनरल की पाठन सामग्री के स्तर को तथा साधारण सज्जा को और अधिक सुन्दर बनाने का हर संभव प्रयास कर रहा है, जिससे कि यह जनरल सदस्यों, बौद्धिक जगत के अन्य पाठकों तक विचार का एक प्रभावशाली माध्यम बन सके।

4.6.2 सम्पादकीय मण्डल ने जुलाई 1990 से जून, 1991 तक की अवधि में जनरल में छपे सर्वोत्तम लेखों को पुरस्कृत करने का फैसला किया है।

4.7 जन-सम्पर्क

4.7.1 रिपोर्ट वर्ष के दौरान, अध्यक्ष ने परिषद् की महत्वपूर्ण गतिविधियों पर प्रकाश डालने तथा नीति से संबंधित मामलों पर इंस्टीट्यूट के विचारों को प्रकट करने हेतु अनेक विषयों पर बम्बई, कलकत्ता, नई दिल्ली, बंगलौर और भुवनेश्वर में पत्रकार सम्मेलनों को सम्बोधित किया।

4.7.2 सरकारी विभागों से अनेक महानुभाव जिनमें कम्पनी कार्य विभाग, केन्द्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड और कस्टम, एक्साइज एवं गोल्ड (नियंत्रण) एपीलेट ट्रिब्यूनल शामिल हैं, इंस्टीट्यूट में आये तथा परिषद के सदस्यों ने उनसे औपचारिक विचार विमर्श किया। इन्होंने व्यापार, वाणिज्य एवं उद्योगों में इंस्टीट्यूट की भूमिका की सराहना की तथा इंस्टीट्यूट को अपनी पूर्ण मदद एवं समर्थन का विश्वास दिलाया। अध्यक्ष, उपाध्यक्ष तथा परिषद् के अन्य सदस्य अनेक दूसरे महानुभावों से भी मिले। इनमें भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर, जीवन बीमा निगम और दूसरे वित्तीय संस्थाओं बैंकों के सभापति शामिल हैं और उन्हें देश के आर्थिक विकास में चार्टर्ड एकाउन्टैन्ट्सों की महत्वपूर्ण भूमिका की जानकारी दी।

4.7.3 व्यवसाय में भविष्य के बारे में प्राप्त अवसरों के प्रोत्साहन हेतु अध्यक्ष महोदय ने कलकत्ता दूरदर्शन और आल इंडिया रेडियो नई दिल्ली में एक मंच विचार-विमर्श में भाग लिया।

4.8 पुस्तकालय

नई दिल्ली में केन्द्रीय परिषद का पुस्तकालय सदस्यों एवं विद्यार्थियों की सहायता देती रही। पुस्तकालय की सुविधा समस्त देश में क्षेत्रीय केन्द्रों एवं शाखाओं में भी उपलब्ध है, इंस्टीट्यूट द्वारा मान्यता प्राप्त संघों एवं अध्ययन दलों को पुस्तकालय के विकास हेतु अनुदान भी दिया जाता है।

4.9 चार्टर्ड एकाउन्टन्ट्स परोपकारी कोष

दिसम्बर 1962 में अपनी स्थापना से चार्टर्ड एकाउन्टैन्ट परोपकारी कोष उन जरूरतमंद लोगों को, जो संस्थान के सदस्य है या सदस्य थे, तथा उनके आश्रितों को वित्तीय सहायता प्रदान करता रहा है। सहायता आश्रितों के रख-रखाव उनकी शैक्षिक आवश्यकताओं तथा बीमारी के खर्चों की पूर्ति के लिए दी जाती है। इस कोष ने देश में खराब स्थिति वाले क्षेत्रों से पलायन कर गए सदस्यों को 20,000/- रुपये का ऋण देना भी शुरू कर दिया है। कोष के आजीवन सदस्यों की संख्या 1-9-90 को 5313 से बढ़ कर 31-8-91 को 6039 हो गई। वर्ष के दौरान जरूरतमन्द लोगों को 2,93,900/- रुपया बांटा गया। 31-3-91 को कोष में शेष राशि 40,26,542.70 थी जबकि 31-3-90 को यही राशि 34,92,486.77 थी।

4.10 एस० वैद्यनाथ अय्यर यादकार कोष :

वर्ष 1990-91 के दौरान चार्टर्ड एकाउन्टैन्सी कोर्स कर रहे छात्रों को 100 रुपये प्रति-माह की कीमत की 38 छात्रवृत्तियां प्रदान की गई 31-3-1991 को कोष की सदस्यता संख्या 189 थी। 31-3-1991 को कोष के खाते में बकाया राशि 87,451.31 रुपये थी जोकि इसके विपरीत 31-3-1990 को 82,201.49 रुपये थी।

5. सदस्य

5.1 सदस्यता

वर्ष के दौरान इंस्टीट्यूट के द्वारा 3047 नए सदस्य पंजीकृत किए गए। इस तरह 1-4-1991 को कुल सदस्य संख्या बढ़कर 58998 हो गई है। वर्ष के दौरान 2544 एसोसिएट्स सदस्यों को "फैलो" के रूप में दर्जा किया गया जो कि पिछले वर्ष की संख्या 2295 के तुलनात्मक है। सदस्यता का विवरण निम्न प्रकार से है :—

दिनांक 1-4-1991 को सदस्यों का गणित-वार विवरण

सदस्यों का विवरण	सदस्य	सहयोग	प्रकोष्ठ (2) व (3) का कुल योग
पूर्णकालिक प्रैक्टिस में	18303	17061	35364
अंशकालिक प्रैक्टिस में	1979	6083	8062
जो प्रैक्टिस में नही हैं	1854	13718	15572
पूर्ण योग	22136	36862	58998

5.2 मृत सदस्य

परिषद को इंस्टीट्यूट के अध्ययन के प्रथम निदेशक श्री बी० आर० मल्होत्रा की 12 फरवरी 1991 को नई दिल्ली में हुई मृत्यु से अपार दुःख हुआ है। उनकी मृत्यु से व्यवसाय ने अपना एक वरिष्ठ एवं सम्मानित सदस्य को खो दिया है। परिषद को वर्ष के दौरान अन्य दिवंगत सदस्यों पर भी गहरा दुःख हुआ। मृत सदस्यों के नाम इस रिपोर्ट की परिशिष्ट 5 में दिए गए हैं।

5.3 अनुशासनात्मक समिति

वर्ष 1-4-1990 से 31-3-1991 के मध्य परिषद एवं अनुशासनात्मक समिति के समक्ष रखे गए मामलों का विवरण निम्नलिखित है :—

1. अपनी प्रथम दृष्टि या राय के लिए परिषद के समक्ष रखे गए मामलों की संख्या—	77
2. अनुशासनात्मक समिति के पास पूछताछ के लिए भेजे गए मामलो की संख्या—	42
3. अनुशासनात्मक समिति द्वारा सुने गए मामलों की संख्या—	35
4. अनुशासनात्मक समिति के प्रतिवेदन की संख्या जिन पर परिषद द्वारा विचार किया गया—	24
5. विभिन्न उच्च न्यायलयों से वापस मंगाए गए अनुशासनात्मक समिति के प्रतिवेदन की संख्या—	1
6. अनुशासनात्मक समिति का प्रतिवेदन जिन पर विचार किया गया और फिर आगे प्रतिवेदन हेतु समिति को प्रेषित किए गए—	1
7. ऐसे मामलों की संख्या जिनमें प्रतिवादी को धारा 21 (2) के अधीन दोषी नहीं पाया गया—	1
8. ऐसे मामलों की संख्या जिनमें प्रतिवादी को परिषद द्वारा दोषी पाया गया और धारा 21 (4) के अधीन उनको दंडित किया गया—	5
9. ऐसे मामलों की संख्या जिनमें प्रतिवादियों को दोषी पाया गया और धारा 21 (3) के अधीन पुनः उच्च न्यायलय के पास प्रेषित कर दिया गया—	9
10. धारा 21 (6)/(7) के अधीन उच्च न्यायलय द्वारा निबटाए गए मामलों की संख्या—	5

6. आर्टिकल एवं आडिट क्लर्क

6.1 अध्ययन मण्डल

6.1.1 31 मार्च, 1991 तथा 31 मार्च, 1990 को समाप्त हुए वर्षों के मध्य दर्ज किए गए विद्यार्थियों की संख्या अधोलिखित है :—

पाठ्यक्रम	1990-91	1989-90
इण्टरमीडिएट	12791	13305
अंतिम परीक्षा	3958	3510

31 मार्च 1991 को विद्यार्थियों की कुल संख्या 76938 थी जो कि 31 मार्च, 1990 को 67185 थी।

6.1.2 पिछली भाँति की तरह क्षेत्रीय तथा अन्य प्रमुख केन्द्रों पर फाइनल और इन्टरमीडिएट पाठ्यक्रम के विद्यार्थियों के लिए सघन संशोध्यन कक्षाओं का आयोजन किया गया।

6.1.3 31 मार्च, 1991 को समाप्त हुए वर्ष में इंस्टीट्यूट के अपने कोष और इस उद्देश्य हेतु निर्मित स्थायी कोषों से प्राप्त आय से 223 छात्रवृत्तियां प्रदान की गई।

6.1.4 आठवीं अखिल भारतीय सी० ए० विद्यार्थियों का अधिवेशन 5 और 6 फरवरी, 1991 को कानपुर में आयोजित किया गया। इसमें देश के भिन्न-भिन्न भागों से 350 विद्यार्थियों ने भाग लिया।

6.1.5 अध्ययन सामग्री के वोल्यू हिन्दी में

बोर्ड ने एक निजी प्रकाशक को यह काम सौंप कर मई 1990 की इंटरमीडिएट परीक्षा के लिए अध्ययन सामग्री के प्रस्तावित उत्तरों को वोल्यूम हिन्दी में निकाला है।

7. परीक्षाएं

चार्टर्ड एकाउण्टेंट की प्रवेश, इंटरमीडिएट और फाइनल परीक्षाएं मई, 1990 और नवम्बर, 1990 में पूरे देश में 45 केन्द्रों में आयोजित की गई। इसके अलावा प्रवेश, इंटरमीडिएट और फाइनल परीक्षा की एक पूरक परीक्षा 26 दिसम्बर 1990 से 3 जनवरी, 1991 तक देश में उस समय की परिस्थितियों को देखते हुए चुने हुए केन्द्रों में आयोजित की गई। इन परीक्षाओं का विवरण जिसमें कि परीक्षा में भाग लेने वाले विद्यार्थियों की संख्या और सफल घोषित किए गए विद्यार्थियों की संख्या दी गई है, निम्न प्रकार से है :—

प्रवेश परीक्षा

परीक्षा का नाम एवं वर्ष	परीक्षा में भाग लेने वाले विद्यार्थियों की संख्या	परीक्षा में उत्तीर्ण होने वाले विद्यार्थियों की संख्या	उत्तीर्ण प्रतिशत
मई, 1990	2338	582	24.89
नवम्बर/दिसम्बर, 1990	5364	1285	23.96

इंटरमीडिएट एवं अंतिम परीक्षा, 1990

	इंटरमीडिएट		अंतिम	
	मई	नवम्बर/दिसम्बर	मई	नवम्बर/दिसम्बर
ग्रुप I				
भाग लेने वाले विद्यार्थियों की संख्या	12951	15383	5372	4499
सफल घोषित हुए विद्यार्थियों की संख्या	2994	2052	2480	1355
उत्तीर्ण प्रतिशत	23.12	13.33	46.17	30.11
ग्रुप II				
भाग लेने वाले विद्यार्थियों की संख्या	19075	20593	6862	6925
सफल घोषित हुए विद्यार्थियों की संख्या	1615	2646	1143	1586
उत्तीर्ण प्रतिशत	8.47	12.85	16.66	22.90
दोनों ग्रुप :				
भाग लेने वाले विद्यार्थियों की संख्या	4976	5898	2430	1690
सफल घोषित हुए विद्यार्थियों की संख्या	283	511	307	170
उत्तीर्ण प्रतिशत	5.69	8.66	12.63	10.05

7.2 काठमांडू, जम्मू, अम्बाला और यमुनानगर में जो परीक्षा केन्द्र पहले प्रयोग के तौर पर खोले गए थे ब वर्ष के दौरान भी जारी रहे। दो नए परीक्षा केन्द्र रायपुर और हिसार में, दो लगातार अवधि के लिए प्रयोग के तौर पर खोले गए हैं। परीक्षा केन्द्रों की सम्पूर्ण सूची इस रिपोर्ट की परिशिष्ट 6 में दी गई है।

7.3 मई और नवम्बर, 1990 में आयोजित परीक्षाओं में योग्यता प्रमाण पत्र एवं अन्य पुरस्कार प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों के नाम इस रिपोर्ट की परिशिष्ट 7 में दिए गए हैं।

8. क्षेत्रीय परिषदें और क्षेत्रीय परिषदों की शाखाएं

8.1 नई शाखाएं

मार्च, 1991 को समाप्त हुए वर्ष के दौरान अजमेर, नोएडा सिलिगुड़ी और टुटिकोरिन में क्षेत्रीय परिषदों की नई शाखाएं खोली गई। इन शाखाओं के खोले जाने से पूरे देश में क्षेत्रीय

परिषदों की शाखाओं की संख्या बढ़कर 81 हो गई है। शाखाओं की सूची परिशिष्ट 8 में की गई है।

8.2 भवन

भवनों के निर्माण के लिए क्षेत्रीय परिषदों की शाखाओं को दिए जाने वाले अनुदान को और उदार बनाने के फलस्वरूप अनेकों शाखाओं ने या तो खुद अपने परिसर के निर्माण हेतु भूमि प्राप्त करने और या निर्मित भवन लेने में अपने प्रयत्न तेज कर दिए हैं। अब तक 21 शाखाओं ने अपने स्वयं के परिसर बना लिए हैं। इसके अतिरिक्त बंगलौर, लखनऊ और सिलिगुड़ी शाखाओं ने भवन निर्माण हेतु भूमि प्राप्त कर ली है।

8.3 सर्वोत्तम क्षेत्रीय परिषद एवं क्षेत्रीय परिषद की शाखा हेतु चल वैजयन्ती पदक

सन् 1986-87 से इंस्टीट्यूट सर्वोत्तम क्षेत्रीय परिषद को एक चलायमान शील्ड से पुरस्कृत करती है। यह पुरस्कार क्षेत्रीय परिषद की सम्पूर्ण प्रदर्शन के आधार पर दिया जाता है। वर्ष 1990-91 के लिए यह शील्ड मध्य भारत क्षेत्रीय परिषद को पुरस्कृत की गई है। अति प्रशंसनीय प्रदर्शन के लिए प्रमाण पत्र उत्तर भारत क्षेत्रीय परिषद को दिया गया है।

क्षेत्रीय परिषद की शाखाओं को प्रोत्साहन दिए जाने के फलस्वरूप ताकि वह सक्रिय रूप से कार्य कर सकें और अपने सदस्यों को अधिकाधिक सेवा प्रदान कर सकें। इस निमित्त यह संस्थान अपनी सर्वोत्तम शाखा को चल वैजयन्ती पुरस्कार प्रत्येक वर्ष प्रदान करता है। संस्थान ने शाखा के अच्छे कार्य प्रदर्शन का मूल्यांकन करने के लिए कतिपय न्यूनतम मापदण्ड स्थापित किए हैं। शाखा के प्रत्येक क्रियाकलाप इन मानदण्डों के आधार पर आंकलित किए जाते हैं और अनुसारतः चल वैजयन्ती पुरस्कार प्रदान किया जाता है। वर्ष 1990-91 के लिए दक्षिण भारत क्षेत्रीय परिषद की बंगलौर शाखा ने यह पुरस्कार प्राप्त किया है। अति प्रशंसनीय प्रदर्शन के लिए कोयम्बतूर, नागपुर और जयपुर में स्थित शाखाओं को प्रमाण पत्र से पुरस्कृत किया गया है।

9. वित्त एवं लेखा

31 मार्च 1991 का तुलन पत्र और इसी तिथि को समाप्त हुए वर्ष का आय और व्यय का लेखा जिसे कि परिषद ने अनुमोदित कर दिया है, इस रिपोर्ट के साथ संलग्न है।

10. आभार

परिषद संस्थान ने उन सभी सदस्यों के प्रति अपना आभार प्रकट करती है जिन्होंने संस्थान की समितियों के सहयोगी सदस्य के रूप में अपनी भूमिका का निर्वाह किया है और उन गैर सदस्यों के प्रति भी आभारी है जिन्होंने पूरे वर्ष परिषद को उसके शैक्षणिक, तकनीकी एवं अन्य क्रियाकलापों तथा उसकी परीक्षाओं में अपना सहयोग प्रदान किया है।

10.2 परिषद द्वारा अपने सम्पूर्ण वर्ष के मध्य सरकार तथा परिषद के लिए उसके नामांकित सदस्यों द्वारा सतत सहयोग व योगदान दिए जाने के लिए भी अपना सौभाग्य मानती है।

10.3 अन्त में परिषद उन सभी अधिकारियों तथा संस्थान के कर्मचारियों का भी आभार मानती है जिन्होंने पूरे वर्ष अपनी विश्वसनीय एवं समर्पित प्रयासों द्वारा संस्थान के कार्यों में अपना सहयोग प्रदान किया है।

वार्षिक प्रतिवेदन की परिशिष्टियां

परिशिष्ट-1

(संदर्भ—रिपोर्ट का पैरा 1.1)

परिषद के सदस्य

श्री अग्रवाल, के० एम०	(नई दिल्ली)
श्री बनर्जी, भास्कर	(कलकत्ता)
*श्री बंसल, आर० एन०	(नई दिल्ली)
श्री भण्डारी, एम० एस०	(जयपुर)
श्री चक्रवर्ती, ए० के०	(कलकत्ता)
श्री चट्टर्जी, दीपांकर	(कलकत्ता)
श्री छाजेड़, एस० पी०	(बम्बई)
श्री चितले, एम० एम०	(बम्बई)
श्री दलाल, ए० एच०	(बम्बई)
श्री गुप्ता, एन० डी०	(नई दिल्ली)
श्री गुप्ता, एन० के०	(कानपुर)
श्री जैन, आई० सी०	(बम्बई)
श्री जोस पोट्टोकरन	(त्रिचूर)
श्री काले बाई० एम०	(बम्बई)
*श्री खन्ना, के० एन०	(नई दिल्ली)
श्री नन्दागोपाल, एल०	(मद्रास)
*श्री पाण्डे, टी० एन०	(नई दिल्ली)
श्री पटेल, आर० एम०	(अहमदाबाद)
श्री पोद्दार, एन० के०	(कलकत्ता)
श्री राठी, आनन्द	(बम्बई)
श्री राव, वी० पी०	(बंगलौर)
*श्री राव, बाई० ए०	(नई दिल्ली)
श्री सारदा, एन० पी०	(बम्बई)
श्री शर्मा, लक्ष्मीनिवास	(हैदराबाद)
श्री सोमानी, के० जी०	(नई दिल्ली)
श्री सुन्दराजन, एन० सी०	(मद्रास)
*श्री तयाल, अमिताभ	(लखनऊ)
*श्री तिवारी, ए० सी०	(नई दिल्ली)
श्री उपाध्याय, पी० पी० गुरुराजा	(मद्रास)
श्री वासुदेवा, एन० सी०	(नई दिल्ली)

*केन्द्रीय सरकार द्वारा मनोनीत

परिशिष्ट-2

(सन्दर्भ—रिपोर्ट का पैरा 1.4.1)

वर्ष 1990-91 के लिये समितियों की सूची

स्थायी समितियां

कार्यकारी समिति

श्री के० एम० अग्रवाल, अध्यक्ष	(नई दिल्ली)
श्री एन० सी० सुन्दराराजन, उपाध्यक्ष	(मद्रास)

श्री एम० एम० चितले (बम्बई)
श्री एन० डी० गुप्ता (नई दिल्ली)
श्री लक्ष्मी निवास शर्मा (हैदराबाद)

परीक्षा समिति

श्री के० एम० अग्रवाल, अध्यक्ष (नई दिल्ली)
श्री एन० सी० सुन्दरराजन, उपाध्यक्ष (मद्रास)
श्री एम० एम० भण्डारी (जयपुर)
श्री एस० पी० छाजेड़ (बम्बई)
श्री ए० एच० दलाल (बम्बई)

अनुशासनात्मक समिति

श्री के० एम० अग्रवाल, अध्यक्ष (नई दिल्ली)
श्री एन० सी० सुन्दरराजन, उपाध्यक्ष (मद्रास)
श्री एन० के० गुप्ता (कानपुर)
श्री एम० नन्दागोपाल (मद्रास)
श्री वाई० ए० राव (नई दिल्ली)

अस्थाई समितियां

शोध समिति

श्री एन० पी० शारदा, सभापति (बम्बई)
श्री बी० पी० राव, उप-सभापति (बंगलौर)
श्री के० एम० अग्रवाल, अध्यक्ष (पदेन) (नई दिल्ली)
श्री ए० के० चक्रावर्ती (कलकत्ता)
श्री ए० एच० दलाल (बम्बई)
श्री वाई० एम० काले (बम्बई)
श्री एम० एम० चितले (बम्बई)
श्री सुरेश चन्द्रा (राजपुरा)
श्री सुरेश राव } (मद्रास)
श्री केतन दलाल } मनोनीत (बम्बई)
श्री एम० जी० पटेल } (अहमदाबाद)

आडिटिंग प्रेक्टिसेज समिति

श्री वाई० एम० काले, सभापति (बम्बई
श्री भास्कर बनर्जी, उप-सभापति (कलकत्ता)
श्री के० एम० अग्रवाल, अध्यक्ष (पदेन) (नई दिल्ली)
श्री एम० एम० भण्डारी (जयपुर)
श्री ए० एच० दलाल (बम्बई)
श्री ए० सी० तिवारी (नई दिल्ली)
री अमल गांगुली } (नई दिल्ली)
ी विजय सहानी } मनोनीत (नई दिल्ली)
ी जी० बी० रमानी } (मद्रास)

ाविभिन्न व्यावसायिक शिक्षा समिति

ी बी० पी० राव, सभापति (बंगलौर)
ी पी० पी० गुरूराजा उपाध्याय, उप-सभापति (मद्रास
ी के० एम० अग्रवाल, अध्यक्ष (पदेन) (नई दिल्ली)
ी एन० के० गुप्ता (कानपुर)
ी एम० नन्दागोपाल (मद्रास)
ी एन० सी० वासुदेवा (नई दिल्ली)
ी मीसेस हरीभक्ति (बम्बई)
ी रश्मि भट्ट } (बंगलौर)
ी सुकुमार भट्टाचार्य } मनोनीत (कलकत्ता)
लेखांकन मानक मण्डल }

भास्कर बनर्जी, सभापति (कलकत्ता)
एम० एम० चितले, उप-सभापति (बम्बई)
के० एम० अग्रवाल, अध्यक्ष (पदेन) (नई दिल्ली)
श्री एन० सी० सुन्दरराजन, उपाध्यक्ष (मद्रास)
श्री ए० के० चक्रावर्ती (कलकत्ता)
श्री टी० एन० पाण्डे (नई दिल्ली)
श्री ए० सी० तिवारी (नई दिल्ली)
श्री एन० सी० वासुदेवा (नई दिल्ली)
श्री वाई० ए० राव (नई दिल्ली)
श्री एम० आर० भण्डारी (नई दिल्ली)
श्री के० करन (बम्बई)
श्री के० एस० मेहता } (नई दिल्ली)
श्री टी० एस० विश्वनाथ } मनोनीत (नई दिल्ली)
श्री बी० एस० मेहता } (बम्बई)
श्री पी० के० मल्लिक (कलकत्ता)

व्यावसायिक विकास समिति

श्री आई० सी० जैन, सभापति (बम्बई)
श्री एन० के० गुप्ता, उप-सभापति (कानपुर)
श्री के० एम० अग्रवाल, अध्यक्ष (पदेन) (नई दिल्ली)
श्री एन० सी० सुन्दरराजन, उपाध्यक्ष (मद्रास)
श्री आर० एन० बंसल (नई दिल्ली)
श्री थॉमस पोट्टोकरन (त्रिचूर)
श्री लक्ष्मीनिवास शर्मा (हैदराबाद)
श्री ई० एम० एस० नम्बूदिरिपाद } (त्रिवेन्द्रम)
श्री आर० बालाकृष्णन } मनोनीत (मद्रास)
श्री एस० के० जैन } (बम्बई)

अध्ययन मण्डल

श्री पी० पी० गुरूराजा, उपाध्याय, सभापति (मद्रास)
श्री आर० एम० पटेल, उप-सभापति (अहमदाबाद)
श्री एन० सी० सुन्दरराजन, उपाध्यक्ष (पदेन) (मद्रास)
श्री एम० एस० भण्डारी (जयपुर)
श्री एम० एम० चितले (बम्बई)
श्री के० पी० सोमानी (नई दिल्ली)
श्री एम० एम० कुलकर्णी } (नासिक)
श्री वी० एम० राजागोपाल } मनोनीत (मद्रास)
श्री डी० एम० पदमानाभन नायर } (त्रिवेन्द्रम)

कराधान समिति

श्री ए० के० चक्रावर्ती, सभापति (कलकत्ता)
श्री एन० डी० गुप्ता, उप-सभापति (नई दिल्ली)
श्री के० एम० अग्रवाल, अध्यक्ष (पदेन) (नई दिल्ली)
श्री टी० एन० पाण्डे (नई दिल्ली)
श्री एन० के० पोद्दार (कलकत्ता)
श्री लक्ष्मीनिवास शर्मा (हैदराबाद)
श्री अश्वनी कुमार } (लुधियाना)
श्री नलिनचन्द्र किन्या } मनोनीत (बंगलौर)
मिसिज मनदिरा सेन } (कलकत्ता)

कम्पनी कानून समिति

श्री एन० सी० वासुदेवा, सभापति (नई दिल्ली)
श्री दीपांकर च० दूदशी, उप-सभापति (कलकत्ता)
श्री एन० सी० सुन्दरराजन, उपाध्यक्ष (पदेन) (मद्रास)
श्री आर० एन० बंसल (नई दिल्ली)
श्री वाई० ए० राव (नई दिल्ली)
श्री आनन्द राठी (बम्बई)
श्री के० पी० सोमानी (नई दिल्ली)
श्री के० बी० कपूर } (नई दिल्ली)
श्री प्रदीप भल्ला } मनोनीत (नई दिल्ली)
श्री एल० सी० गुप्ता } (नई दिल्ली)

अन्तर्राष्ट्रीय मामलों की समिति

श्री के० एम० अग्रवाल, सभापति (नई दिल्ली)
श्री एन० सी० सुन्दरराजन, उप-सभापति (मद्रास)
श्री ए० के० चक्रवर्ती (कलकत्ता)
श्री ए० एन० दलाल (बम्बई)
श्री के० जी० सोमानी (नई दिल्ली)

सुविज्ञ सलाहकार समिति

श्री जोस पोट्टोकरन, सभापति (त्रिचुर)
श्री एन० पी० शारदा, उप सभापति (बम्बई)
श्री एन० सी० सुन्दरराजन, उपाध्यक्ष (पदेन) (मद्रास)
श्री आर० एन० बंसल (नई दिल्ली)
श्री आर० एस० पटेल (अहमदाबाद)
श्री वी० पी० राव (बंगलौर)
श्री के० जी० सोमानी (नई दिल्ली)
श्री भवानी शंकर (नई दिल्ली) } मनोनीत
श्री राजेश चन्द्र जैन (लखनऊ) } मनोनीत
श्री वेनुगोपाल सी० गोविन्द (कोचीन) } मनोनीत

विश्वविद्यालय सम्पर्क समिति

श्री आर० एस० पटेल, सभापति (अहमदाबाद)
श्री एन० के० पोद्दार, उप सभापति (कलकत्ता)
श्री एन० सी० सुन्दरराजन, उपाध्यक्ष (पदेन) (मद्रास)
श्री एन० के० गुप्ता (कानपुर)
श्री एन० पी० शारदा (बम्बई)
श्री पी० पी० गुरुराजा उपाध्याय (मद्रास)
श्री सी० एच० पटेल (अहमदाबाद) } (मनोनीत)
श्री आई० जे० देसाई (सूरत) } (मनोनीत)
श्री दिनेश कुमार (नई दिल्ली) } (मनोनीत)

नैतिक मानक समिति एवं सी० यू० आर० ए०

श्री एन० के० पोद्दार, सभापति (कलकत्ता)
श्री एस० नन्दागोपाल, उप सभापति (मद्रास)
श्री के० एम० अग्रवाल, अध्यक्ष (पदेन) (नई दिल्ली)
श्री एन० सी० सुन्दरराजन, उपाध्यक्ष (पदेन) (मद्रास)
श्री आई० सी० जैन (बम्बई)
श्री जोस पोट्टोकरन (त्रिचुर)
श्री आर० एस० अग्रवाल (कलकत्ता) } मनोनीत
श्री पी० सत्यानारायना मूर्ती (हैदराबाद) } मनोनीत
श्री एस० एन० नन्दा (नई दिल्ली) } मनोनीत

जन सम्पर्क समिति

श्री दीपांकर चटर्जी, सभापति (कलकत्ता)
श्री आई० सी० जैन, उप सभापति (बम्बई)
श्री के० एम० अग्रवाल, अध्यक्ष (पदेन) (नई दिल्ली)
श्री एन० सी० सुन्दरराजन, उपाध्यक्ष (पदेन) (मद्रास)
श्री एन० डी० गुप्ता (नई दिल्ली)
श्री के० एल० बाधा (नई दिल्ली)
श्री आनन्द राठी (बम्बई)

श्री अजय कुमार दत्ता (कलकत्ता) } मनोनीत
श्री पी० वेनुगोपाल राव (भुवनेश्वर) } मनोनीत
श्री ओ० पी० दानी (नई दिल्ली) } मनोनीत

सम्पादकीय मण्डल

श्री के० एम० अग्रवाल, मुख्य सम्पादक (नई दिल्ली)
श्री एन० सी० सुन्दरराजन, सह-सम्पादक (मद्रास)
श्री आर० एन० बंसल (नई दिल्ली)
श्री दीपांकर चटर्जी (कलकत्ता)
श्री ए० एन० दलाल (बम्बई)
श्री एन० डी० गुप्ता (नई दिल्ली)
श्री लक्ष्मी निवास शर्मा (हैदराबाद)
श्री रतन लाल गुप्ता (नई दिल्ली) } मनोनीत
श्री बी शंकर (सिकन्दराबाद) } मनोनीत
श्री एम० नागानाथन (मद्रास) } मनोनीत

—

उद्योगरत सदस्यों हेतु समिति

श्री आनन्द राठी, सभापति (बम्बई)
श्री जोस पोट्टोकरन, उप सभापति (त्रिचूर)
श्री एन० सी० सुन्दरराजन, उपाध्यक्ष (पदेन) (मद्रास)
श्री आई० एम० काले (बम्बई)
श्री के० एल० बाधा (नई दिल्ली)
श्री एम० नन्दागोपाल (मद्रास)
श्री अभिताभ सयाल (लखनऊ)
श्री के० ए० चन्द्रशेखरन (उद्योगमण्डल) } मनोनीत
श्री आर० एम० पारिख (मस्कट) } मनोनीत
श्री एच० डी० वकील (बम्बई) } मनोनीत
श्री के० सी० जैन (कलकत्ता)

सामान्य उद्देश्य समिति

श्री के० एम० अग्रवाल, सभापति (नई दिल्ली)
श्री एन० सी० सुन्दरराजन, उप सभापति (मद्रास)
श्री एम० एम० चितले (बम्बई)
श्री एन० डी० गुप्ता (नई दिल्ली)
श्री लक्ष्मी निवास शर्मा (हैदराबाद)

आई० सी० आई० एन आई० सी० डब्ल्यु० आई० समन्वय समिति

श्री के० एम० अग्रवाल, नेता (नई दिल्ली)
श्री एन० सी० सुन्दरराजन, उप नेता (मद्रास)
श्री एम० पी० छाजेड (बम्बई)
श्री आई० एम० काले (बम्बई)
श्री आई० ए० राव (नई दिल्ली)

आई० सी० ए० आई०–आई० सी० एस० आई० समन्वय समिति

श्री एन० सी० सुन्दरराजन, नेता (मद्रास)
श्री एम० पी० छाजेड, उप नेता (बम्बई)
श्री भास्कर बनर्जी (कलकत्ता)
श्री आई० ए० राव (नई दिल्ली)
श्री के० जी० सोमानी (नई दिल्ली)

परिशिष्ट-3

(संदर्भ-रिपोर्ट का पैरा 3.9.3)

तालिका "ए"—मैनेजमैंट एकाउन्टैन्सी कोर्स (भाग-1)

क्रम संख्या	समूह	मई-1990			नवम्बर-1990			दिसम्बर-1990		
		परीक्षार्थियों की संख्या	उत्तीर्ण	प्रतिशत	परीक्षार्थियों की संख्या	उत्तीर्ण	प्रतिशत	परीक्षार्थियों की संख्या	उत्तीर्ण	प्रतिशत
1	दोनों समूह	6			11			3		
	उत्तीर्ण—									
	दोनों समूह में		2	33		2	18 13		1	33.33
	केवल समूह-1 मे		2			1			—	
	केवल समूह-2 में		1			3			—	
2	समूह-1	15	7	46	12	—	—	5	1	20
3.	समूह-2	16	2	12	14	2	14.29	4	1	25

तालिका "बी"—टैक्स मैनेजमैंट कोर्स (भाग-1)

समूह	मई 1990		
	परीक्षार्थियों की संख्या	उत्तीर्ण	प्रतिशत
1. दोनों समूह	3		
उत्तीर्ण—			
दोनों समूह मे		—	—
केवल समूह 1 मे		—	—
केवल समूह 2 मे		—	—
समूह-1	1	1	100 प्रतिशत
समूह-2	7	1	14 प्रतिशत

तालिका "सी"—कोर्पोरेट मैनेजमेंट कोर्स (भाग-1)

समूह	मई 1990		
	परीक्षार्थियों की संख्या	उत्तीर्ण	प्रतिशत
1. दोनों समूह	4		
उत्तीर्ण—			
दोनों समूहों मे..		—	—
केवल समूह 1 मे		2	
केवल समूह 2 मे		2	
2. समूह —1	4	3	75 प्रतिशत
3 समूह-2	1	1	100 प्रतिशत

परिशिष्ट 4

(संदर्भ रिपोर्ट का पैरा 3.12.2)

भारतीय विश्वविद्यालयों एवं संस्थाओं की सूची जिन्होंने अपने डॉक्टोरल प्रोग्राम पी० एच० डी० प्रोग्राम में प्रवेश के लिए अपने चार्टर्ड एकाउन्टैंसी पाठ्यक्रम की मान्यता प्रदान की है

1 एसोसिएशन्स

एसोसिएशन आफ इंडियन यूनिवर्सिटी नई दिल्ली

2 इंस्टीट्यूट्स

1 इंडियन इंस्टीट्यूट आफ मैनेजमैंट, अहमदाबाद

2 इंडियन इंस्टीट्यूट आफ मैनेजमैंट, कलकत्ता

3 विश्व-विद्यालय

1. आगरा विश्व-विद्यालय, आगरा
2. एलगप्पा विश्व-विद्यालय,
   एलगप्पा नगर, कराईकुडी-623004
3. अलीगढ़ मुस्लिम विश्व विद्यालय,
   अलीगढ़ (उ० प्र०)
4. बनारस हिन्दु विश्व-विद्यालय,
   वारानसी (उ० प्र०)
5. बंगलौर विश्वविद्यालय,
   बंगलौर
